500 Sarees has been distributed to Kolabira villagers

Udit Wani News Paper : 20.10.2015

UDITWANI

दूर्गापूजोत्सव पर आरकेएफएल ने 500 महिलाओं के बीच साड़ी बांटी

साड़ी का वितरण करते एचआर हेड सत्यप्रकाश व अन्य.

गम्हरिया : दूर्गापूजनोत्सव के आवसर पर कोलाबीरा स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर परिसर में रामकृष्णा फेर्जिंग्स लिमिटेड की ओर से महिला श्रद्धालूओं के बीच साड़ी वितरण किया गया. इस मौके पर उपस्थित कंपनी के एचआर हेड सत्य प्रकाश द्वारा आसपास के करीब तेरह गावों के 500 महिलाओं के बीच साडी का वितरण किया गया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि सीएसआर के तहत कंपनी की ओर से माता दुर्गा की मंदिर का सौंदर्यीकरण किया गया है तथा साडी का वितरण किया गया है. उन्होंने बताया कि महानवमी के अवसर पर मंदिर परिसर में करीब पांच हजार श्रद्धालुओं के बीच महाभोग का वितरण किया जाएगा. इससे पूर्व उन्होंपे पूजा महोत्सव का उदघाटन किया.

इस मौके पर समाजसेवी रवीन्द्र मंडल, गोपाल सिंहदेव, नवीन सिन्हा, एंथोनी समेत पूजा कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित थे.

उदितवाणी - 20-10-15